भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में पुस्तकालय सप्ताह□ का आयोजन</u>

नई दिल्ली, 11 अगस्त, 2017: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा. वि. प्रा.) के निगमत मुख्यालय राजीव गाँधी भवन में 4 से 10 अगस्त, 2017 तक □पुस्तकालय सप्ताह□ का आयोजन किया गया । सप्ताह के उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. हरीश अरोड़ा ने "पुस्तकालय हमारी सांस्कृतिक धरोहर" विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और नागर विमानन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। पुस्तकालय सप्ताह के दौरान प्रश्नोत्तरी एवं नारा लेखन प्रतियोगिता और पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया ।

समापन समारोह के दौरान, श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन) ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए और पुस्तकालय का अधिकतम प्रयोग कर लाभ प्राप्त करने की सलाह दी।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) 9811521881 , 011-24622787

नO.21/2017-18

श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भा. वि. प्रा., विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार देते हुए।